>

Title : Need to include Gandhinagar and Karamsad cities in Gujarat

Under Jawahar lal Nehru National Urban Renewal Mission Scheme.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): महोदय, जवाहर नेहरू नेशनल अर्बन रीन्युअल मिशन योजना के अंतर्गत 2005-06 से केटेगरी सी के मुताबिक राजधानी नगर में गांधी नगर, प्रादेशिक एवम् प्रवासन में पोरबंदर व कमरसद को समाविष्ट किया जाए। इस बारे में गुजरात सरकार ने दरखास्त की थी। इसके अनुसार 2009 में पोरबंदर का समावेश इस योजना में हुआ है अन्य राज्यों की तरह आबंटन राशि 100 करोड़ मंजूर की गई थी फिरभी अरबन इफ्रास्ट्रक्चर एंड गवर्नेंस (यू.आई.जी.) में जितनी राशि स्वीकृत हुई थी उसमें पोरबंदर का समावेश हुआ है लेकिन इसमें कोई ज्यादा बढ़ावा नहीं हुआ है। पोरबंदर के लिए बढ़ावा किया जाए। पोरबंदर महात्मा गांधी जी के जन्मस्थान वाली ऐतिहासिक प्रवासन नगरी है। करमसद सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म भूमि होने के नाते प्रवासन नगरी के नाते जाना जाता है और इसी योजना के तहत गांधी नगर गुजरात राज्य की राजधानी जाना जाता है। इन दो शहरों का इस मिशन में समावेश करना चाहिए। मैं सरकार से मांग करती हूं कि जे.एन.एन.यु.आर.एम. योजना की रूपरेखा के अनुसार गांधी नगर एवं करमसद शहरों को जे.एन.एल.यु.आर.एम. की यु.आई.जी घटक की केटेगरी सी की सूची में समावेश किया जाए।